HGH INDIA® 2026
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
Jun 30-Jul 03, 2026. Bombay Exhibition Center, Mumbai

NEWS 2

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

# भारतीय होम प्रोडक्ट्स का मार्केट
# चुनौतियों के बावजूद बढ़ रही खपत

भारतीय होम और लाइफ़स्टाइल का कारोबार एक ऐसे वित्तीय वर्ष के दूसरे हिस्से में प्रवेश कर रहा है, जहां सप्लाई चेन से जुड़े हर प्लेयर से कुछ ज़्यादा उम्मीदें की जा रही हैं। बढ़ती लागत, सप्लाई चेन के बदलावों और दुनिया भर में जारी अनिश्चितताओं के कारण निर्माताओं, ब्राण्ड्स एवं रीटेलरों के लिए ज़रूरी हो गया है कि वे सोर्सिंग एवं सप्लाई के पुराने तरीकों पर एक फिर से विचार करें।

भारत के घरेलू कारोबार की बात करें तो यह एक बाधा के बजाए मार्केट में तेज़ी लाने वाला कारक ज़्यादा प्रतीत होता है। डोमेस्टिक मार्केट में खपत इतनी तेज़ी से बढ़ रही है कि डिस्ट्रीब्यूशन इन्फ्रास्ट्रक्चर इसके साथ तालमेल नहीं बना पा रहा है। दुनिया भर की भू–राजनैतिक स्थितियों तथा सप्लाई एवं कीमतों में अनिश्चितता के चलते, कई मामलों में डोमेस्टिक सोर्सिंग अधिक मज़बूत और कमर्शियल तौर पर ज़रूरी हो गई है। वे रीटेलर जो पहले आयात पर निर्भर रहते थे, वे अब भारतीय मैनुफैक्चरर्स के साथ गंभीरता से बातचीत कर रहे हैं। विषेश रूप से निर्यात के लिए शुरू हुए भारतीय ब्रांड अब देश में हीं अवसर तलाश रहे हैं।

भारतीय उपभोक्ताओं के अधिकारों (एक समान गुणवत्ता, स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण के अधिकार) की रक्षा के प्रयास में भारत सरकार देशी–विदेशी सभी कंपनियों के लिए विभिन्न प्रोडक्ट श्रेणियों में बीआईएस स्टैंडर्ड लागू करने पर ज़ोर दे रही है। यह प्रक्रिया देश के मार्केट में गुणवत्ता, सुरक्षा और अनुपालन के लिए ऊँचे मानक तय करके इस बदलाव को बढ़ावा दे रही है। इससे घरेलू निर्माताओं के लिए एक अधिक व्यवस्थित एवं भरोसेमंद इकोसिस्टम बनाने में मदद मिल रही है, साथ ही देश में हीं बने प्रोडक्ट्स पर खरीदारों का भरोसा भी बढ़ रहा है। इसके अलावा भारतीय मार्केट के लिए प्रतिबद्धता बनाए रखते हुए बेहतरीन डिज़ाइन एवं उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स लाने वाले वाले इंटरनेशनल ब्राण्ड और निर्माताओं के लिए भारत एक बेहतरीन और फायदेमंद मार्केट साबित हो रहा है।

कुल मिलाकर, इससे कारोबारों के लिए जल्द रिस्पॉन्स करने वाला माहौल बन रहा है, जहाँ डिज़ाइन, मैनुफ़ैक्चरिंग और रीटेल शेल्फ़ के बीच की दूरी लगातार कम हो रही है।

ठीक ऐसे समय पर आ रहा है 'एचजीएच इंडिया 2026'। बॉम्बे एक्ज़िबिशन सेंटर में 30 जून से 3 जुलाई तक तीन हॉल में फैला यह शो एक ऐसे मार्केट को दर्षाता है जो आगे बढ़ने से पहले हालात के स्थिर होने का इंतज़ार नहीं कर रहा है।

एचजीएच इंडिया की टीम





## एच–सर्कल प्रोडक्ट इनोवेशन अवार्ड्स

एच–सर्कल प्रोडक्ट इनोवेशन अवार्ड्स अब अपने पांचवें संस्करण में हैं, डिज़ाइन, फ़ंक्शनैलिटी, मटीरियल और प्रोडक्ट डेवलपमेंट में नए आइडियाज़ को बढ़ावा देने वाले इन अवॉर्ड्स ने भारतीय होम और लाइफ़स्टाइल जगत में सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक के रूप में अपने आप को मजबूती से स्थापित किया है। पिछले सालों के दौरान, ये अवार्ड्स उद्योग जगत में सम्मानित बेंचमार्क बन गए हैं, जो ब्राण्ड्स और निर्माताओं को इनोवेशन एवं मार्केट की ज़रूरतों के अनुसार नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

इस साल, एचजीएच इंडिया तीन विषेश कैटेगरीज़ लेकर आया है– कंटेम्पर, फ़्यूचुरिस्टिक और सस्टेनेबल। इनका उद्देष्य ऐसे प्रोडक्ट्स और अवधारणाओं को रोषनी में लाना है जो उपभोक्ताओं की बदलती जीवनषैली, भावी सोच एवं ज़िम्मेदार इनोवेशन को बेहतरीन तरीके से अभिव्यक्त करते हैं। अवॉर्ड्स के लिए नामांकन शुरू हो चुके हैं।

नामांकित किए गए सभी प्रोडक्ट्स को हॉल 6 में शो फ़्लोर पर एक निर्धारित स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस तरह एचजीएच इंडिया 2026 में आने वाले खरीदारों को विभिन्न श्रेणियों आधुनिक एवं भविष्य–अनुकूल प्रोडक्ट्स देखने का मौका मिलेगा।

विजेताओं को एक विषेश एच–सर्कल अवार्ड्स शाम में सम्मानित किया जाएगा, जहां जूरी, जाने–माने रीटेलर्स, ब्राण्ड्स, डिज़ाइनर और ट्रेड प्रोफ़ेशनल्स शामिल होंगे। सम्मानित किए जाने वाले विजेताओं को उद्योग जगत में विशेष पहचान और विज़िबिलिटी मिलेगी। षो में हिस्सा लेने वाले ब्राण्ड्स और मैनुफ़ैक्चरर्स के लिए, ये अवार्ड्स सिर्फ पहचान के दायरे से कहीं बढ़कर होंगे और नॉमिनेट किए गए प्रोडक्ट्स एचजीएच इंडिया शो फ़्लोर पर सुर्ख़ियों में आ जाएंगे।



# ब्राण्ड्स पर खास नज़र

एचजीएच इंडिया 2026 में विभिन्न श्रेणियों में उद्योग जगत के लीडर और उभरते ब्राण्ड्स एक मंच पर इकट्ठा होंगे। कई बड़े प्लेयर्स अपने नए कलेक्शन, इनोवेशन और प्रोडक्ट्स की नई रेंज पेश करेंगे। युवा और डिज़ाइन पर फोकस करने वाले ब्राण्ड्स भी इस प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए नए आइडियाज़, अलग तरह के प्रोडक्ट्स और मार्केट के नए दृष्टिकोण को पेश करने के लिए तैयार हैं। बड़े पैमाने, अनुभव और इनोवेशन का यह संयोजन एचजीएच इंडिया को बदलते होम और लाइफ़स्टाइल उद्योग की पहचान बनाता है। यह न्यूज़ 2 एडिशन – एचजीएच इंडिया 2026 के आगामी होम टेक्सटाइल ब्राण्ड्स और कलेक्शन की झलक पेष करेगा, साथ ही उन खास ट्रेन्ड्स, इनोवेशन्स एवं प्रोडक्ट्स पर भी रोषनी डालेगा, जिनके लिए षो के आगंतुक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

## होम टेक्सटाइल्स) हॉल 6

### बिरला सेल्युलोज

सेल्युलोजिक फाइबर बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक, बिरला सेल्युलोज, अपने नए और अनोखे फाइबर पोर्टफ़ोलियो को पेश करेगी। इसमें Livaeco™ Lyocell, Livaeco™ Viscose शामिल हैं, जिन्हें आधुनिक घरों की ज़रूरतों के हिसाब से सस्टेनेबिलिटी, ट्रेसेबिलिटी और बेहतरीन परफोर्मेन्स को ध्यान में रखकर बनाया गया है। ज़िम्मेदारी से प्राप्त किए गए लकड़ी के पल्प और क्लोज्ड–लूप प्रक्रिया से बना Livaeco™ Lyocell बेहद कोमल, ब्रीदेबल और प्रत्यास्थ है, और नमी को आसानी से सोख लेता है, ऐसे में यह प्रीमियम होम टेक्सटाइल्स के लिए बेहतरीन है। वहीं Livaeco™ Viscose प्राकृतिक रूप से आरामदायक और पर्यावरण के अनुकूल है तथा शानदार ड्रेप देता है। जिससे ब्राण्ड्स और निर्माता स्टाइल और ज़िम्मेदार मैनुफैक्चरिंग के बीच तालमेल बनाते हुए प्रोडक्ट्स बना सकते हैं। हॉल 6 में मौजूद बिरला सेल्युलोज इन सस्टेनेबल इनोवेशन्स के ज़रिए उपभोक्ताओं की बदलती उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

### मैस्पर

भारत के प्रमुख प्रीमियम होम फर्निशिंग ब्रांड्स में से एक, मैस्पर, एचजीएच इंडिया के इस संस्करण में कई नए प्रोडक्ट्स पेश करेगा। इनमें इंपीरियल ग्रेस, विंटेज कलेक्शन, टेंसेल ब्लेंड बेड लिनन और कलर ब्लॉक पैच क्विल्ट्स शामिल हैं। क्लासिक यूरोपियन इंटीरियर की भव्यता से प्रेरित इस विंटेज कलेक्शन में शानदार डमास्क पैटर्न, सजावटी स्क्रॉल और लेयर्ड टेक्सचर हैं, जो एक बेहतरीन और शानदार लुक देते हैं। जियो पैटर्न पैच क्विल्ट एक नए अंदाज़ को पेश करता है, जिसे रोज़मर्रा के आराम



एवं अत्याधुनिक स्टाइल को ध्यान में रखते हुए सोच–समझकर डिज़ाइन किया गया है। इस कलेक्शन को और भी बेहतर बनाने के लिए रीसायक्लेबल और पर्यावरण के अनुकूल सामग्री से बनी सस्टेनेबल पैकेजिंग का इस्तेमाल किया गया है।

### बेलाजियो

सुपर नेट्स एंड फैब्रिक्स के जाने–माने ब्राण्ड्स – बेलाजियो और डेसेनहिस्टा – दुनिया भर के प्रोडक्ट्स पेश करते हैं और अपने आधुनिक होम एवं फर्निशिंग सोल्युषन्स के लिए पहचाने जाते हैं। ये षो के मंच पर बेडिंग, फ्लोर



केयर और होम एक्सेसरीज़ की व्यापक रेंज पेश करने जा रहे हैं। इस कलेक्शन में डिजिटली प्रिंटेड प्रीमियम बेड–लिनन, विभिन्न आकार के कारपेट, आउटडोर मैट्स, सर्दियों के लिए फर वाले कंबल और रज़ाइयां, लिनन–बेस्ड बेडिंग के साथ–साथ स्टेनलैस–स्टील के डिब्बे और सर्विंग ट्रॉली की नई रेंज शामिल है। रोज़मर्रा की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया यह कलेक्शन परफोर्मेन्स और शानदार लुक का बेहतरीन संयोजन है।

### नॉटिका

घर और जीवनशैली से जुड़े अपने नज़रिए के लिए दुनिया भर में मशहूर नॉटिका पेष करेंगे नॉटिका नोमेड–एक प्रीमियम कार फ्रैग्रेंस स्प्रे है जो तुरंत ताज़गी देता है और लंबे समय तक महकता रहता है। षो के दौरान ब्राण्ड डोम



वॉल क्लॉस भी पेश करेगा, जिनका बेहतरीन आर्किटेक्चरल लुक आधुनिक भारतीय घरों के इंटीरियर के लिए परफेक्ट है। साथ ही, मैचिंग जिम टॉवल और बोतलों से युक्त सी फ्लो गिफ्ट बॉक्स भी पेश किया जाएगा, जिसे खासतौर पर लाइफ़स्टाइल और कॉर्पोरेट गिफ़्टिंग के लिए तैयार किया गया है।

### बियान्का

एक प्रमुख भारतीय होम टेक्सटाइल ब्राण्ड बियान्का जिसका देष भर में मज़बूत रीटेल नेटवर्क है, षो के मंच पर निनोको स्पेन – बैम्बू इन्फेंट कलेक्शन लॉन्च करेगा। यह बेबी कलेक्षन 100 फीसदी बैम्बू फ़ैब्रिक से बना है। इस रेंज में कोमल और षिषु की त्वचा के लिए सुरक्षित हुडेड टॉवल, स्वैडल, कैरियर, बिब, बर्प क्लॉथ और गिफ्ट सेट शामिल हैं। बियान्का कार अरोमा को भी प्रदर्षित करेगा, शुद्ध असेंशियल ऑयल से बना यह हैंगिंग डिफ्यूज़र लंबे समय तक खुषबू देता है, इसमें रसायनों का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया गया है।

### पॅनो

घर की ज़रूरतों और फर्निशिंग से जुड़े समाधान पेष करने वाला यह ब्राण्ड कई तरह के प्रोडक्ट पेश करेगा। इनमें बाथ मैट, शावर मैट, आउटडोर मैट, लॉन्ड्री बास्केट, स्टोरेज बास्केट, कूड़े के डिब्बे, बाथ एक्सेसरीज़, टेबल मैट और ट्रिवेट्स शामिल हैं। यह कलेक्शन रोज़मर्रा में काम आने वाली चीज़ों और आधुनिक लुक व मज़बूती का बेहतरीन संयोजन है।

### प्लूची

आधुनिक होम टेक्सटाइल और गिफ्टिंग कलेक्शन के लिए मशहूर प्लूची, नए होम टेक्सटाइल कलेक्शन पेश करने जा रहे हैं, जिसमें आधुनिक टेक्सचर, जैक्वार्ड पैटर्न, प्रीमियम सॉफ्ट–टच फैब्रिक, क्विल्टेड बेड कवर, बेहतरीन रंगों और



गिफ्टिंग रेंज पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस कलेक्शन में बेड कवर, कम्फर्टर, थ्रो, कुशन कवर और मैचिंग बेडिंग सॉल्यूषन्स, जिन्हें रीटेल जगत की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

### प्रीमियर फाइन लिनेन्स

टेक्सटाइल निर्माण में आठ दशकों से अधिक के अनुभव और वैश्विक बाजारों में निर्यात के साथ, प्रीमियर फाइन लिनेन्स षो के मंच पर ला रहे हैं अपना प्रीमियम होम टेक्सटाइल ब्राण्ड ब्लू डाहलिया, जिसे आराम, इंटेलीजेन्ट डिज़ाइन और लक्ज़री को ध्यान में रखकर बनाया गया है। फैब्रिक की बुनाई और परफोर्मेन्स ऐसा है कि यह ब्रीदेबल है और नींद के दौरान आरामदायक अहसास देता है। यह



आज के दौर के भारतीय घरों के लिए सोच–समझकर तैयार किए गए बेडिंग और होम टेक्सटाइल सॉल्यूषन्स के प्रति ब्रांड के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## पेसिफिक कॉटन

वीटीएम, जिनके पास टेक्सटाइल मैनुफैक्चरिंग में तकरीनब 80 सालों का अनुभव है, अपने प्रीमियम बेड लिनेन ब्रांड पेसिफिक कॉटन को पेश करेंगे। जिसे आराम को ध्यान में रखते हुए सस्टेनेबल तरीकों और बेहतरीन गुणवत्ता की कारीगरी से बनाया गया है। वर्टिकली इंटीग्रेटेड और ळब्ै.और व्झाव.ज्म.सर्टिफाइड मिल के साथ कंपनी डॉबी, ट्विल, जैक्वार्ड, प्लेन और साटन जैसे कई तरह के फैब्रिक बनाने में माहिर है। फाइबर की बात करें तो कॉटन, ऑर्गेनिक कॉटन, टेन्सेल, लियोसेल, बांस, लिनन और हेम्प का उपयोग किया जाता है। यह कलेक्शन उच्च गुणवत्ता के बेड लिनन, ज़िम्मेदार प्रोडक्शन और आधुनिक होम टेक्सटाइल इनोवेशन पर ब्राण्ड के फोकस को दर्शाता है।

## बीकेएस फैब्रिक्स

कोयंबटूर के पास पल्लादम में स्थित बीकेएस फैब्रिक्स, एक ग्लोबल टेक्सटाइल कंपनी है जो हॉस्पिटैलिटी और रेज़ीडेन्शियल मार्केट्स के लिए बेहतरीन बेड लिनन और टेबल लिनन बनाती है। आधुनिक मैनुफैक्चरिंग क्षमता और गुणवत्ता के अंतर्राश्ट्रीय मानकों के साथ, कंपनी



आरामदायक, टिकाऊ और कस्टमाइज़्ड लिनन सॉल्युषन्स की एक बड़ी रेंज पेष करती है। आधुनिक डिज़ाइन, बेहतरीन फ़िनिशिंग और बार-बार कमर्शियल लॉन्ड्री के प्रति प्रतिरोधक के लिए परफेक्ट बीकेएस फैब्रिक्स ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी और होम टेक्सटाइल की ज़रूरतों के लिए भरोसेमंद समाधान लाती रहती है।

## स्वास

सस्टेनेबिलिटी पर फोकस करने वाली कोयंबटूर की होम टेक्सटाइल कंपनी स्वास बाय ग्रीनहोम फर्निशिंग्स शो के मंच पर अपना प्रीमियम बेड लिनन ब्रांड पेश करने जा रही है। ब्राण्ड का आरामदायक कलेक्शन प्राकृतिक फाइबर के उपयोग से महिलाओं द्वारा बनाया जाता है। 2012 में स्थापित स्वास- कॉटन, बैम्बू, लिनन, हेम्प और टेन्सेल से बने शानदार और त्वचा के अनुकूल बेड लिनन बनाते हैं, जो आधुनिक घरों के लिए आराम, किफायती लग्ज़री और ज़िम्मेदार जीवनशैली का संयोजन हैं।

## केकेपी इंडिया

केकेपी इंडिया, जो दक्षिण भारत की एक होम टेक्सटाइल और बेडिंग सॉल्यूशन कंपनी है, कई तरह के प्रोडक्ट पेश करेगी। इनमें बेड शीट सेट, फिटेड शीट सेट, डुवेट सेट, कम्फर्टर सेट, फिल्ड पिल्लो, रज़ाइयां, मैट्रेस प्रोटेक्टर और पूरे बेड सेट शामिल हैं। यह आरामदायक और फंक्षनल कलेक्शन आधुनिक घरों व रीटेल की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए मैचिंग बेडिंग सॉल्यूशन के रूप में डिज़ाइन किया गया है।

## लूम होम टेक्सटाइल्स

लूम होम टेक्सटाइल्स, भारत की प्रमुख निर्यातक कंपनियों में से एक शबरी कॉटन्स प्राइवेट लिमिटेड का डोमेस्टिक ब्रांड है। जो 1994 से केरल के कन्नूर की बुनाई परंपरा से प्रेरित होम टेक्सटाइल बना रहा है। पारंपरिक कारीगरी, आधुनिक जापानी और यूरोपीय डिज़ाइन के संयोजन द्वारा




यह ब्राण्ड रज़ाइयां, बेडस्प्रेड, कुशन, थ्रो, बाथ और डाइनिंग लिनेन, टोट बैग, लाइफ़स्टाइल एक्सेसरीज़ और सस्टेनेबल फ़ैब्रिक कलेक्शन पेश करता है, जिन्हें कॉटन, बैम्बू, हेम्प और लियोसेल के मिश्रण से बनाया गया है। इन-हाउस मैनुफैक्चरिंग और सस्टेनेबिलिटी सर्टिफ़िकेशन जैसे SA8000 और OEKO-TEX के साथ, यह कलेक्शन आराम, फंक्षनेलिटी, ज़िम्मेदार मैनुफैक्चरिंग और आधुनिक जीवनशैली का संयोजन है।

## ऊदाई

करूर की कंपनी अमरावती टेक्सटाइल्स, दुनिया भर में होम टेक्सटाइल्स और फर्निशिंग एक्सपोर्ट करने वाली एक बड़ी कंपनी है, अपने नए ब्रांड ऊदाई को पेश करेगी। यह ब्रांड बुनाई-आधारित डिज़ाइन और मटीरियल में नए प्रयोगों पर केंद्रित है। एचजीएच इंडिया के इस संस्करण में, ब्रांड अपना नया विंटेज कलेक्शन भी लॉन्च करेगा। यह कलेक्शन पुरानी यादें ताज़ा करने वाले इंटीरियर, मिट्टी जैसे रंगों और टेक्सटाइल की पारंपरिक तकनीकों से प्रेरित है। इसमें यार्न-डाइड फैब्रिक, टेक्सचर्ड जैक्वार्ड बेडडिंग और हल्के गॉज़ बुनाई पर खास ज़ोर दिया गया है।



इस डिस्प्ले में नए तरह के वॉफ़ल टेरी टॉवल के साथ-साथ बेड और बाथ प्रोडक्ट्स की एक खास रेंज भी दिखाई जाएगी। इनमें बेड कवर, कम्फ़र्टर, बेड शीट, थ्रो और टॉवल शामिल हैं। टेक्टाईल टेक्सचर और आधुनिक स्टाइल से युक्त यह रेंज आरामदायक और ब्रीदेबल है।

## एक्सेल होम

कोलकाता की कंपनी एक्सेल होम, जो अपने फर्निशिंग फैब्रिक और डेकोर सॉल्युषन्स के लिए जानी जाती है, षो के मंच पर द बाजार कलेक्टिव पेश करने जा रही है। यह विभिन्न प्रकार के इंटीरियर स्टाइल का एक अनूठा संगम है, जहाँ मैचिंग फैब्रिक और वॉल-कवरिंग मिलकर ऐसे शानदार और दुनिया से प्रेरित स्पेस बनाते हैं जो आराम, संस्कृति और बेहतरीन कारीगरी से भरपूर होते हैं। चार डिज़ाइन थीम पर आधारित यह कलेक्शन प्रिंट, जैक्वार्ड, डॉबी, एम्ब्रॉयडरी, प्लेन और ट्रिम्स को मिलाकर आधुनिक इंटीरियर के लिए एक शानदार और विविधत रेंज तैयार करता है। एक्सेल होम वॉलपेपर की भी जानी-मानी प्लेयर है और हॉल 6 में अपने बूथ पर नई रेंज लॉन्च करेगी।

## मार्शल्स डिज़ाइन स्टूडियो

भारत के वॉलकवरिंग उद्योग में मार्शल्स की लंबे समय से चली आ रही विरासत के साथ, मार्शल्स डिज़ाइन स्टूडियो- अपनी आधुनिक निर्माण और डिजिटल प्रिंटिंग



क्षमताओं को म्युरल्स, वॉलकवरिंग और कस्टम-डिज़ाइन्ड कलेक्षन के रूप में पेष करेंगे। पांच दशकों से अधिक के अनुभव के साथ मार्शल्स- घरों, हॉस्पिटैलिटी सदनों, रीटेल चेन और कमर्षियल स्पेसेज़ के लिए नए कलेक्शन्स के साथ अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाना जारी रखे हुए हैं।

## डॉक्टर टॉवेल्स

कोयंबटूर स्थित डॉक्टर टॉवेल्स, जो बेहतरीन परफोर्मेन्स वाले बाथ लिनन लेकर आते हैं, वे शो के मंच पर एलुफर्न टेरी बाथ टॉवेल और बैम्बू स्लब बाथ टॉवेल पेश करने जा



रहे हैं। क्लिनिकली टेस्टेड स्किन षील्ड टेक्नोलॉजी से बनी एलुफर्न रेंज पानी को सोखने की भरपूर क्षमता रखती है। वहीं रोजमर्रा के आराम को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए बैम्बू ब्लेंड टॉवेल बेहद कोमल और ब्रीदेबल हैं।

## पेसिफिक कॉटन

पानीपत की जानी-मानी होम फर्निशिंग और फ्लोर कवरिंग एक्सपोर्टर कंपनी, गॉविन्स होम ने भारतीय घरेलू बाज़ार के लिए अपना ब्रांड गृह्मय लॉन्च किया है। जो हॉल 6 में आधुनिक घरों के लिए खास तौर पर तैयार



किए गए कालीन, रग्स और डिज़ाइनर डोरमैट की एक नई रेंज पेश करेगा। यह ब्रांड अपना नया बेड एंड बाथ कलेक्शन भी लॉन्च करेगा, जिसमें बेड शीट, कम्फर्टर, दोहर, तकिए, कुशन कवर और तौलिए शामिल होंगे। इन्हें शुद्ध कॉटन, कॉटन-रिच ब्लेंड और बांस के धागे (बैम्बू यार्न) से बनाया गया है। इसके अलावा, गृह्मय शॉप-इन-शॉप रिटेल डिस्प्ले अवधारणा भी पेश करेगा। इसमें रैक, गोंडोला और कारपेट स्टैंड शामिल होंगे, जिन्हें हाई-स्ट्रीट रीटेलर्स को व्यवस्थित और आकर्षक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## पेप्स

मैट्रेस और स्लीप सॉल्युशन्स के लिए भारत के जाने-माने ब्राण्ड पेप्स शो के मंच पर पेश करने जा रहे हैं सिरस। यह भारत का पहला सैग-रेसिस्टेंट मैट्रेस है जो जल्दी दबता या पिचकता नहीं है और 100 फीसदी रबराइज़्ड कॉयर से बना



है। यह लंबे समय तक अपना आकार बनाए रखता है और लगातार सपोर्ट देता है। आधुनिक सैग-रेज़िस्टेन्ट टेक्नोलॉजी और 4ग लेटेक्स स्प्रे से बना यह मैट्रेस लंबे समय तक इस्तेमाल के बावजूद दबने या पिचकने की समस्या को कम करता है और रीढ़ की हड्डी को सही स्थिति में रखने में मदद करता है। ग्रामीण भारत से लाए गए प्राकृतिक मटीरियल यानि 100 फीसदी रबराइज़्ड कॉयर से बना यह कलेक्शन ब्रीदेबल, टिकाऊ है और अच्छी नींद को सपोर्ट करता है।

## आइको होम

अतिशय फोम की मैन्युफैक्चरिंग विशेषज्ञता से प्रेरित ब्रांड आइको होम, हॉल 6 में आधुनिक जीवनशैली के लिए डिज़ाइन किए गए प्रीमियम स्लीप प्रोडक्ट्स की रेंज पेश करेगा। इस कलेक्शन में लक्ज़री मेमोरी फोम मैट्रेस, कूल जेल पिल्लो, अर्गोनोमिक कुशन, ट्रैवल नेक पिल्लो और अडवांस्ड कम्फर्ट सॉल्यूशन शामिल हैं, जिन्हें नई फोम टेक्नोलॉजी और प्रीमियम मटीरियल का इस्तेमाल करके बनाया गया है। दबाव से आराम और रीढ़ की हड्डी को सहारा देने, के लिए डिज़ाइन किया गया यह कलेक्शन कूलिंग परफॉर्मेंस पर केंद्रित है तथा आधुनिक घरों और हॉस्पिटैलिटी पेस के लिए फंक्शनैलिटी, वेलनैस और आधुनिकन स्टाइल का संयोजन है।

## ओरेस्ट

मोल्डेड फोम और कम्फर्ट टेक्नोलॉजी कंपनी, आईएसके इंटरनेशनल, अपना प्रीमियम कम्फर्ट सॉल्युशन ब्रांड ओरेस्ट पेश करेगी, जिसे आधुनिक फोम इनोवेशन और आधुनिक स्लीप टेक्नोलॉजी से बनाया गया है। बेहतर



मैनुफैक्चरिंग क्षमता और खास प्रेसीज़न मशीनरी के साथ, कंपनी मेमोरी फोम और कम्फर्ट प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज लेकर आती है, जिसमें नई जेल सीरीज़, हीटिंग रेंज, किड्स कलेक्शन और प्रीमियम पैट बेड शामिल हैं। ओरेस्ट, अडवांस्ड कूलिंग फैब्रिक, कस्टमाइज़्ड फोम सॉल्युशन्स और अर्गोनोमिक कम्फर्ट प्रोडक्ट्स पर भी रोशनी डालेगी, जिन्हें उपभोक्ताओं और हॉस्पिटैलिटी की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

## होमफुल स्टाइल

चार दशकों से अधिक की मैनुफैक्चरिंग विशेषज्ञता के साथ होमफुल स्टाइल, एक नया होम टेक्स्टाइल ब्रांड लॉन्च कर रहा है, जो प्रमाणित गुणवत्ता, आधुनिक डिज़ाइन और पारदर्शी प्रोडक्ट कम्युनिकेशन पर केंद्रित है। इसकी खासियत है ब्राण्ड की प्रॉपराइटरी, ट्रुथ लेबल पहल है, जो



एनएबीएल द्वारा प्रमाणित टेस्टिंग डेटा तक सीधी पहुँच देती है। इसमें थ्रेड काउंट, जीएसएम, कपड़े की सिकुड़न और कलर फास्टनेस जैसे मानक शामिल हैं। एचजीएच इंडिया 2026 में लॉन्च होने वाला यह ब्राण्ड बेड, बाथ और कम्फर्ट प्रोडक्ट्स की एक चुनिंदा रेंज पेश करेगा, जिसे रीटेल, संस्थागत एवं आधुनिक उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है।

## भदोही कारपेट्स

मशीन से बने कारपेट्स यानि गलीचों के लिए मशहूर भदोही कारपेट्स- आधुनिक स्टाइल, शानदार बनावट और कई तरह के रंगों वाले प्रीमियम कारपेट्स की रेंज पेश



करेगा। बेहतरीन कारीगरी और आकर्शक स्टाइल का संयोजन यह कलेक्शन फर्श के लिए टिकाऊ एवं षानदार डिज़ाइन वाले समाधान लेकर आता है, जो आधुनिक और क्लासिक दोनों तरह के इंटीरियर स्पेस के लिए उपयुक्त हैं।

## सपना कारपेट-मैट्स

फ्लोर कवरिंग समाधानों के क्षेत्र में लंबे समय से कार्यरत कंपनी सपना कारपेट-मैट्स कई तरह के प्रोडक्ट्स लेकर आएगी, जिसमें 500 से ज्यादा एसकेयू से चटाई मैट, डोरमैट और कारपेट शामिल हैं। यह कलेक्शन स्टाइल, उपयोगिता और विविधता पर आधारित है, जो आम ग्राहकों की पसंद और जरूरत दोनों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।


## आगंतुकों का पंजीकरण

हमारे साथ जुड़े रहें और आगामी प्रदर्शनी की तारीखें नोट कर लें।

30 जून – 03 जुलाई, 2026
बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर, मुंबई

मुफ़्त पंजीकरण करें
20 जून, 2026 से पहले।

क्यूआर कोड स्कैन करें और
₹1000/- बचाए

नए अपडेट्स के लिए विज़िट करें
www.hghindia.com


उपरोक्त ब्रांड्स के अलावा, होम टेक्सटाइल्स, मैट्रेस, रग्स, बेड और बाथ, फर्निशिंग फैब्रिक्स, डेकोरेटिव मेड-अप्स, ब्लाइंड्स और कर्टन्स जैसी कैटेगरी के कई प्रदर्शक हॉल 6 में अपने प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, होम डेकोर, होम फ़र्नीचर और हाउसवेयर कैटेगरी के प्रदर्शक भी होंगे। एचजीएच इंडिया न्यूज़ के आगामी संस्करण में इटली, फ्रांस, चीन, यूके और सिंगापुर के इंटरनेशनल एग्ज़िबिटर्स का प्रोफाइल भी प्रस्तुत किया जाएगा।